Fourteenth Loksabha

Session : 4
Date : 18-03-2005

Participants : Mohale Shri Punnulal

>

Title: Need to declare the birth anniversary of Guru Ghasidas ji renowned saint of Chhatisgarh falling on 18 December as a 'Public Holiday'.

श्री पुन्नू लाल मोहले (बिलासपुर) : छत्तीसगढ़ प्रांत में जन्म लिए संत बाबा गुरु घासीदास जी के नाम पर 18 दिसम्बर को सार्वजनिक छुट्टी घोाित की जाए । उक्त संत जी का जन्म 18 दिसम्बर 1756 को ग्राम गिरोधपुरी, जिला रायपुर (छत्तीसगढ़) में हुआ था, उन्होंने छुआछूत के भेदभाव को मिटाया, ऊँच-नीच की खाई को समान रूप में लाने के लिए सफल योजना की तथा गरीब लोगों की आर्थिक स्थिति सुधारने तथा समाज में फैली हुई तत्कालीन बुराइयों को छुड़ाने के लिए प्रयास कर एक सतनाम पंथ का निर्माण किया तथा 6 माह तक गिरोधपुरी के जंगल में कठिन तपस्या करके सिद्धि प्राप्त की । उस संत की ख्याति पूरे छत्तीसगढ़ में फैली हुई है, उनके नाम पर 18 दिसम्बर को मध्य प्रदेश व छत्तीसगढ़ में सार्वजनिक छुट्टी घोाित की गई है । पूरे देश में लगभग 10 लाख से 30 लाख तक उनके अनुयायी फैले हुए हैं, जो सतनामी समाज के नाम से जाने जाते हैं । उनके अनुयायियों की भावना को ध्यान में रखते हुए 18 दिसम्बर को पूरे देश में सार्वजनिक छुट्टी घोाित की जाए जिससे उनके अनुयायी और श्रद्धालु लोग संत बाबा गुरु घासीदास को अपने श्रद्धा सुमन अर्पित कर सकें ।